डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5207 दिनॉकः 23 नवम्बर, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विषम सेमेस्टर 2021–22 में विश्वविद्यालय द्वारा करायी जाने वाली परीक्षा के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सबन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के कारण विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का पठन–पाठन अत्यधिक प्रभावित हुआ है। जिसके कारण उनकी परीक्षाएं समय से कराये जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। अतः विश्वविद्यालय द्वारा छात्र / छात्राओं के अध्ययन तथा परीक्षा में निरन्तरता लाने के लिए विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की दिनांक 22 / 11 / 2021 को सम्पन्न बैठक के मद सं0 73.13 में लिये गये निर्णयानुसार प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के कोर्स जिसमें लेटरल इन्ट्री होती है को छोड़ कर समस्त सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसम्बर, 2021 के अंतिम सप्ताह से करायी जायेंगी। उक्त के अतिरिक्त जिन कोर्सों में लेटरल इन्ट्री में प्रवेश होता है उनकी परीक्षाएं फरवरी 2022 के अंतिम सप्ताह से प्रारम्भ होगी।

कृपया उक्त से अवगत होते हुए समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi 23/11/21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक (एस0) / उप परीक्षा नियंत्रक (डी), ए0के0टी0यू0, लखनऊ ।
3. प्रभारी, ERP ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. श्री पवन त्रिपाठी, जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक